दिनांकः 12.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से 'मोदी का परिवार' वाली डीपी को हटाने का अनुरोध किया–चुनाव प्रचार में सहयोग के लिए दिया धन्यवाद।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–प्रदेश में कानून का राज बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता–राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह में लिया भाग।
- राज्य सरकार ने जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गये जयपुर जिले के दो परिवारों को पचास–पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर की।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला मेज़बान अमरीका से।

..........................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान देशभर में लोगों ने सोशल मीडिया पर अपने परिचय के साथ 'मोदी का परिवार' जोड़ा और इससे उन्हें बहुत शक्ति मिली। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि देश की जनता ने एनडीए को लगातार तीसरी बार बहुमत देकर देश की भलाई के लिए काम करते रहने का अवसर दिया है। श्री मोदी ने लोगों को धन्यवाद दिया और उनसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मोदी का परिवार' को हटाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि डीपी पर नाम बदल सकता है, लेकिन भारत की प्रगति के लिए प्रयासरत एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट रहेगा।

..........................

भाजपा के वरिष्ठ नेता **मोहन चरण माझी** आज ओडिशा के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। श्री माझी को कल भाजपा विधायक दल ने सर्वसम्मिति से अपना नेता चुना था। भुवनेश्वर में होने वाले समारोह में दो उपमुख्यमंत्री, के.वी सिंह और प्रभाती परिदा भी पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।
दूसरी ओर, तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू आज आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कल एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद श्री नायडू ने राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

..........................

लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी देश के अगले थल सेनाध्यक्ष होंगे। उनकी नियुक्ति को सरकार ने मंजूरी दी है। जनरल द्विवेदी, वर्तमान थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे के 30 जून को सेवा निवृत्त होने पर उनका स्थान लेंगे। 40 वर्षों की विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दी है। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और तीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ प्रशस्ति कार्ड से अलंकृत किया गया है।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में कानून का राज बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि खुशहाल राजस्थान बनाने और आमजन, गरीबों और समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने पुलिसकर्मियों को उनकी सेवा और योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं।

..........................

इससे पहले मुख्यमंत्री ने पुलिस परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक, उत्कल रंजन साहू सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

..........................

राज्य सरकार ने जम्मू–कश्मीर के रियासी में रविवार को हुए आतंकी हमले में मारे गये जयपुर जिले के दो परिवारों के चार लोगों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से पचास–पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सहायता कोष के नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए कोष के रिवॉल्विंग फण्ड से अपवाद स्वरूप ये सहायता स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सहायता राशि मंजूर करते हुए कहा कि इस विपरीत समय में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है और उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जा रही है।

..........................

प्रदेश में उदयपुर और कोटा संभाग सहित विभिन्न स्थानों पर कल मॉनसून पूर्व की बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी इन दोनों संभागों में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं। विभाग ने बताया कि राज्य के शेष स्थानों पर मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। इस बीच, कल बीकानेर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर लू भी चली। दूसरी ओर चूरू में दिन का अधिकतम तापमान 45 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सर्वाधिक रहा। श्रीगंगानगर में 45 दशमलव 1, बीकानेर और सीकर के फतेहपुर में 44 दशमलव 8 और राजधानी जयपुर में पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 43 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

..........................

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में ओपन बिल स्टॉर्क पक्षी दिखाई दिये हैं। आमतौर पर ये पक्षी मॉनसून के दौरान नजर आते हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि ये पक्षी करीब छह महीने के प्रवास पर रहेंगे।

..........................

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको बताने जा रहे हैं, विचाराधीन कैदियों को न्याय दिलाने के लिए नये कानूनों में हुए प्रावधानों के बारे में।

भारतीय न्याय संहिता, 2023 विचाराधीन कैदियों के न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए, जेलों में भीड़भाड़ को कम करने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव पेश करती है। हिरासत का बोझ कम करने के लिए ये एक गेम चेंजर है। पहली बार के अपराधियों के लिए, जो पहले कभी किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराए गए, वे निर्धारित अधिकतम सजा की एक तिहाई की सजा काटने के बाद जमानत पर रिहा कर दिए जाते हैं। नये कानून पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त करते हैं और अनावश्यक हिरासत अवधि को कम करते हैं। अपराधी की जमानत के लिए आवेदन करने की जिम्मेदारी अब उस जेल के जेल अधीक्षक की है, जहां आरोपी बंद है। नये प्रावधान समय पर न्याय सुनिश्चित करने और जेलों में कैदियों की संख्या कम करने की दिशा में एक कदम है। छोटे अपराधों के आरोपियों या दोषी लोगों के लिए राहत, कानूनी परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी क्षण का प्रतीक है। इससे उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा सकेगा और पुनरावृत्ति की संभावना कम होगी।

..........................

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला मेज़बान अमरीका से होगा। ये मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा। दोनों टीमें अपने पिछले दो मुकाबलों में अजेय रहकर मैच में उतर रही हैं। भारतीय टीम ने आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की, जबकि अमेरिका ने अपने पिछले दो मुकाबलों में कनाडा और पाकिस्तान पर जीत हासिल की। आज दो और मैच खेले जाएंगे। एंटीगुआ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला नामीबिया से होगा, जबकि फ्लोरिडा में श्रीलंका का सामना नेपाल से होगा।

..........................